# हिट एंड रन : लोडिंग वाहन ने रौंदा, पुलिस जवान की मौत

## कार के गेट से टकराई बाइक, गोहलपुर थाने में पदस्थ था जवान

**जबलपुर,,12 अक्टूबर. सिविल लाइन में रविवार दोपहर हिट एंड रन में पुलिस जवान की मौत हो गई. दरअसल मोटर सायकिल से प्रधान आरक्षक ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी रास्ते में बीच रोड पर खड़ी कार का अचानक गेट खुला जिससे बाइक टकरा गई, इसी बीच सामने से आ रहे लोडिंग वाहन ने सिपाही को रौंद दिया और फरार हो गया.**

हादसे में पुलिस कर्मी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक रमेश जाटव पिता होरीलाल जाटव 61 वर्षीय निवासी गोराबाजार के गोहलपुर थाने में 2024 से प्रधान आरक्षक के पर पदस्थ थे. नाइट ड्यूटी करने के बाद घर चले गए थे. रविवार दोपहर को वह पुनः ड्यूटी पर अपनी मोटर सायकिल से थाने जा रहे थे, दोपहर एक बजे वह जैसे ही डिलाईट टॉकीज पोस्ट आफिस के पास पहुंचे तभी वहां बीच रोड में कार क्रमांक यूके 07 बीटी 5761 खड़ी थी जिसके चालक ने लापरवही पूर्वक गेट खोला तो बाइक सवार पुलिस जवान टकरा गया और नीचे गिर गया इसी बीच सामने आ रहे लोडिंग वाहन चालक कुचलते हुए आगे बढ़ गया. हादसे में गंभीर चोटें आने से घायल को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. लोडिंग वाहन चालक मौके से फरार हो गया.

### पुलिस महकमे में शोक की लहर, परिवार में मातम

घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है. पुलिस महकमे में शोक की लहर है. सूचना मिलते ही परिजन पहुंच गए थे. साथ ही सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, सिविल लाइन थाना प्रभारी अनूप नामदेव, टीआई गोहलपुर रीतेश पांडे बल समेत मौके पर पहुंच गए थे.

### सदमे में पत्नी, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

सडक़ हादसे में प्रधान आरक्षक की मौत होने की खबर जब परिजनों को लगी तो उनके पैर तले से जमीन खिसक गई उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा है कि हंसी खुशी घर से निकला रमेश अब इस दुनिया में नहीं रहा. मृतक की पत्नी ज्योतिबाला सदमे में है जबकि मृतक के पुत्र अखिल जाटव और बेटी शिवानी जाटव के सिर से पिता का साया उठ गया है.

### अवैध पिस्टल खरीदने-बेचने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

**सतना.** सिविल लाइन थाने की पुलिस द्वारा अवैध पिस्टल खरीदने-बेचने वाले अंतरजिला संगठित गिरोह के 7 सदस्यों को दबोच लिया गया. आरोपियों के कब्जे से 2 आटोमेटिक देशी पिस्टल, 4 जिंदा कारतूस और दो बाइक बरामद की गई है. जिसकी कीमत 2 लाख 40 हजार रु आंकी गई. सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली कि पतेरी, धनखेर और मंदाकिनी बिहार के लडक़े संगठित होकर अवैध रुप से पिस्टल-कट्टा खरीदने बेचने का व्यापार करते हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरोह तक पहुंचने के लिए विशेष टीम गठित की गई. इस मामले में लीड मिलते ही मंदाकिनी बिहार कालोनी निवासी आदर्श पाण्डेय उर्फ बबलू उम्र 19 वर्ष को पुलिस टीम ने दबोच लिया. पूछताछ किए जाने पर आदर्श ने बताया कि पिस्टल खरीदने-बेचने की बात प्रबल सिंह बैस 20 वर्ष निवासी गढिया टोला और सोम उर्फ विनीत मिश्रा 18 वर्ष निवासी सितपुरा के माध्यम से प्रमोद सिंह बैस 22 वर्ष निवासी रामपुर चौरासी से की गई है. उसने पिस्टल को टेस्टिंग के लिए ली थी. लेकिन पसंद आ जाने पर उसने स्वयं के इस्तेमाल के लिए रख ली. और फिर उसे अधिक दाम पर दूसरे ग्राहक को बेच दिया.

# आयकर विभाग ने कंपनी के कार्यालय में मारा छापा

**इंदौर,12 अक्टूबर.शहर के बिचौली हप्सी बायपास पर स्थित एक कार्यालय पर आयकर विभाग ने छापामार कार्रवाई की है. विभाग के अधिकारी कंपनी के दस्तावेजों, अकाउंट बुक्स और डिजिटल रिकॉर्ड्स की गहन जांच कर रहे हैं.**

सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग इस कार्रवाई के माध्यम से कंपनी के वित्तीय लेनदेन और संभावित टैक्स अनियमितताओं की पड़ताल कर रहा है. अधिकारियों का कहना है कि जांच में कंपनी के दस्तावेज, अकाउंट बुक्स और डिजिटल डाटा का विशेष महत्व है. यह



कार्यालय देश की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी जीआर इंफ्रा के लिए काम करने वाली एक सहयोगी कंपनी का है. आयकर विभाग की टीम राजस्थान से इंदौर आई है और उसने कार्यालय में मौजूद रिकॉर्ड्स की विस्तृत जांच शुरू कर दी है. सूत्रों का कहना है कि इंदौर में चल रही यह कार्रवाई देशभर में 40 अन्य स्थानों पर की गई छापामार कार्रवाई का हिस्सा है.

# पुलिस ने ट्रॉली चोरी के चार आरोपी पकड़े

## शिव नगर से चोरी हुई ट्रॉली और ट्रैक्टर जब्त, 8 .10 लाख का माल बरामद

**नीमच,,12 अक्टूबर. सिटी पुलिस ने ट्रॉली चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को शनिवार रात को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई ट्रॉली और ट्रैक्टर भी जब्त किया.**

जब्त किए गए सामान का अनुमानित कीमत 8 लाख 10 हजार रुपए आंका गया है. कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में की गई. चोरी की घटना 5-6 अक्टूबर को शिव नगर, रावण रुण्डी मैदान में हुई थी. चेन सिंह नामक किसान ने थाना नीमच सिटी में रिपोर्ट दर्ज



कराई थी कि दशहरे के लिए रावण की पुताई हेतु उनकी ट्रॉली रावण रुण्डी मैदान पर खड़ी थी. जो रात में गायब हो गई. सुबह 6 बजे ट्रॉली न मिलने पर चोरी का पता चला. फरियादी की ट्रॉली पर राठौर कृषि फार्म रावण रुण्डी और लोहे की पट्टियों पर मेरा भारत देश महान लिखा हुआ था. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नीमच सिटी पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की. घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया.

साइबर सेल की मदद से गहन जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान की. पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए. पुलिस ने जितेंद्र पिता शांतिलाल शर्मा (32), पारस पिता चौसालाल मीणा (26), जितेंद्र पिता कैलाश मीणा (24) और अंकित पिता ओमप्रकाश धाकड़ (22) को गिरफ्तार किया. सभी आरोपियों ने पूछताछ में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया है.

### इंदौर के राजवाड़ा में चले लात-घूंसे

**इंदौर.** राजवाड़ा पर रविवार रात को कुछ दुकानदार आपस में भिड़ गए. बताया जा रहा है कि दुकान लगाने को लेकर उनके बीच विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते लात घूंसे चलने लगे. मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कुछ लोग जमकर मारपीट करते नजर आ रहे हैं. इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया. पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुट गई है. आगामी त्योहार के चलते शहर के राजवाड़ा चौक पर सामान की कई दुकानें लगने लगती है. दूर-दूर से लोग यहां पर सामान खरीदने भी आते हैं, लेकिन रविवार को दुकान लगाने की बात पर ही बवाल हो गया.

# पत्रकार पर हमला के मामले में सौंपा ज्ञापन

## आबकारी उपनिरीक्षक पर मिलीभगत के लगाए आरोप

**भिंड,12 अक्टूबर . मेहगांव में पत्रकार सुमेर सिंह नरवरिया पर शराब माफियाओं द्वारा किए गए हमले को लेकर ओबीएस महासभा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा है.**

ज्ञापन एडीएम एल.के. पांडेय को सौंपते हुए संगठन ने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है. ज्ञापन देते हुए बताया कि यह घटना 2 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर घटित हुई थी. शासन द्वारा उस दिन शुष्क दिवस घोषित किया गया था, इसके बावजूद मेहगांव में अवैध शराब बिक्री की जा रही थी. जब पत्रकार सुमेर सिंह नरवरिया ने इस अवैध गतिविधि की तस्वीरें अपने मोबाइल से लेना चाहा, तो शराब ठेकेदार हेमू सिकरवार अपने वाहन बोलेरो क्रमांक एमपी 07 सीजी 3022 से आबकारी उपनिरीक्षक रविशंकर तिवारी को साथ लेकर मौके पर पहुंचा और पत्रकार के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की. घटना की सूचना तत्काल थाना मेहगांव पुलिस को दी गई, जो मौके पर देर से पहुंची. पुलिस ने बाद में हेमू सिकरवार के विरुद्ध अपराध क्रमांक 271/2025 तो दर्ज किया, लेकिन आबकारी उपनिरीक्षक रविशंकर तिवारी का नाम मामले से हटा दिया गया.

### ओबीएस महासभा ने मुख्यमंत्री से की मांग

➡आबकारी उपनिरीक्षक रविशंकर तिवारी की भूमिका की जांच कर उन्हें निलंबित किया जाए.

➡ठेकेदार हेमू सिकरवार और उसके सहयोगियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए. साथ ही शराब दुकान के बंद सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई जाए.

➡ ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आबकारी उपनिरीक्षक पत्रकार और पिछड़े वर्ग के लोगों के विरुद्ध विद्वेषपूर्ण मानसिकता से कार्य कर रहा है तथा झूठे मामले फंसाने की धमकी दे रहा है.

# इंदौर-शारजाह उड़ान अब सप्ताह के सातों दिन सुबह होगी रवाना

**इंदौर,12 अक्टूबर. इस विंटर सीजन में इंदौर से दुबई की सीधी उड़ान की सुविधा नहीं मिलने के बावजूद एयरपोर्ट से शारजाह की उड़ान अब पूरी सप्ताह नियमित रूप से संचालित होगी. एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो एयरलाइंस की नई सेवाओं से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को बेहतर विकल्प मिलेंगे.**

एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के बाद इंदौर से यूएई जाने वाले यात्रियों के लिए शारजाह की उड़ान सप्ताह में चार दिन से बढ़ाकर सातों दिन संचालित होगी. नई समय-सारणी के अनुसार उड़ान सुबह 10.10 बजे इंदौर से रवाना होकर शारजाह दोपहर 12.05 बजे पहुंचेगी. वापसी में शारजाह से 1.05 बजे उड़ान भरकर शाम 5.50 बजे इंदौर लौटेगी. इंडिगो एयरलाइंस भी पूर्व में संचालित की गई उड़ानों को दोबारा शुरू कर रही है.

दीपावली के बाद जोधपुर, उदयपुर, जम्मू और नासिक के लिए सीधी उड़ानें भी शुरू होंगी. ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जादौन का कहना है कि दिन की उड़ान शुरू होने से यात्रियों को सुविधा के साथ-साथ कनेक्टिंग फ्लाइट्स और ट्रांजिट यात्रियों को भी लाभ मिलेगा.

# स्वदेशी अपनाने से बनेगा आत्मनिर्भर भारत

## भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता को सासंद ने किया संबोधित

**जबलपुर. वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद स्वदेशी को बढ़ावा दिया गया. वर्ष 2014 से पहले तो हमारी सेनाओं को बुलेट प्रूफ जैकेट तक विदेशों से मंगाई जाती थी.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, आत्मनिर्भर भारत निर्माण का सशक्त माध्यम स्वदेशी है. भारत को आत्मनिर्भर बनाने देश की जनता स्वदेशी अपनाकर योगदान दे ऐसा आह्वान प्रधानमंत्री का है. भारत अब आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है. वर्ष 2014 से पहले भारत का रक्षा



निर्यात मात्र 600 करोड़ के करीब था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत का रक्षा निर्यात 23 हजार करोड़ से अधिक पहुंच चुका है. लघु उद्योगों को बढ़ावा देना, आयात पर निर्भरता से मुक्त बनाना ही पीएम मोदी का लक्ष्य है. यह सारी बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री ,मंडला लोकसभा के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने भाजपा कार्यालय रानीताल में पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुये कही. इस दौरान उन्होंने आह्वान करते हुये यह भी कहा कि आइये हम सब मिलकर यह प्रतिज्ञा लें कि हम स्वदेशी अपनाएंगे और अपने देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे.

### जहर खाने से तीन की मौत

**शिवपुरी.** शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में जहरीला पदार्थ खाने के बाद भर्ती कराए गए तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मगरौनी चौकी क्षेत्र के झंडापुरा गांव में 18 वर्षीय काजल आदिवासी ने फसल में इस्तेमाल होने वाली दवा का सेवन कर लिया था। उसे तत्काल शिवपुरी मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां इलाज के बाद उसकी मृत्यु हो गई। शहर की विजयपुरम कॉलोनी में 34 वर्षीय सोमित अग्रवाल ने सल्फास खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी भी जान नहीं बचाई जा सकी.

# बरगवां पुलिस ने अवैध रेत से लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**सिंगरौली 12 अक्टूबर. जिले की बरगवां पुलिस लगातार क्षेत्र में चोरी छुपे चल रहे अवैध कारोबारों पर लगाम लगाने के लिए जुटी हुई है।**

बीते दिन कल शनिवार की देर रात थाना क्षेत्र के ग्राम पचौर में अवैध रेत के कारोबार में लगे व्यक्ति पर कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज किया, वहीं रेत से लदे ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात बरगवां पुलिस को रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की एक बिना नम्बर का ट्रैक्टर वाहन का चालक सराव नदी से अवैध रेत लोड कर रहा है। सूचना की तस्दीक करने के लिए एसपी



मनीष खत्री के निर्देशन एवं एसडीओपी गौरव पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना बरगवां प्रभारी निरीक्षक मो. समीर द्वारा गठित पुलिस टीम ने मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही की और घेराबंदी कर ग्राम पचौर में बिना नम्बर का ट्रैक्टर वाहन चेचिस क्रमांक टीओ 53444560 बीएच को पकड़ा.

# जीएसटी-नोटबंदी सार्थक पहल : सासंद

**रीवा, 12 अक्टूबर, भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान सतना सांसद गणेश सिंह ने जीएसटी और नोटबंदी को सार्थक एवं जरूरी कदम बताया.**

उन्होने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को वितसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है. इस लक्ष्य को हासिल करने का मार्ग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से होकर गुजरता है. उन्होने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सशक्त आधार स्वदेशी विचारधारा और स्वदेशी उत्पाद है. उन्होने कहा कि जब देश का प्रत्येक नागरिक स्वदेशी उत्पादो का उपयोग करेगा, स्थानीय उद्योगो को प्रोत्साहन देगा तभी सच्चे अर्थो में आत्मनिर्भर भारत



का निर्माण संभव होगा. आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत का आधार है. इसी के माध्यम से भारत वर्ष 2047 तक विश्व गुरू बनने की दिशा में अग्रसर होगा. उन्होने कहा कि नोटबंदी से इतना फायदा हुआ कि हर व्यक्ति आज डिजिटल करेंसी उपयोग करने लगा है. उन्होने कहा कि जब नोटबंदी हुई तो लोगो को लगा कि देश की अर्थ व्यवस्था चौपट हो जायेगी. लेकिन उसके बाद इतना फायदा हुआ कि लोग लेनदेन आनलाइन करने लगे. इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे.

### बजरंग दल नेता तन्नू शर्मा पर हमला

**इंदौर.** जिले के ग्राम खेड़ा पाल थाना कमलापुर क्षेत्र में रविवार को बजरंग दल के नेता तन्नू शर्मा पर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया. अचानक हुए इस हमले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जानकारी देते हुए तन्नू शर्मा ने बताया कि यह हमला उस समय किया गया जब वे किसी कार्य से गांव में मौजूद थे. बताया जा रहा है कि कुछ युवकों ने पहले उनसे विवाद किया और फिर मारपीट कर दी. घटना में शर्मा को चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है, उन्होंने यह भी बताया कि सूचना मिलते ही थाना कमलापुर पुलिस ने मौके का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की.

# जीएसटी दरों में कमी से व्यापारियों को हुआ लाभ : मंत्री

**ग्वालियर। मोदी सरकार ने जीएसटी दरों में जो बदलाव किए हैं, वह गरीब और आम जनता की भावनाओं को समर्पित हैं। सरकार ने खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा के उत्पादों पर शुल्क कम करके जन कल्याण का कार्य किया है। व्यापारियों की सुविधा के लिए जीएसटी दरों का सरलीकरण भी किया है।**

उक्त बात उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने रविवार को लक्ष्मीगंज स्थित गोयल वाटिका में आयोजित भाजपा ग्वालियर दक्षिण विधानसभा का व्यापारी एवं प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने के




लिए भारतीय निर्मित उत्पादों पर जीएसटी दरें कम की गई हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से छोटे व्यापारियों और उपभोक्ताओं को सीधा लाभ हुआ है, जिससे बाजार में नई ऊर्जा आई है और आम जनता को राहत मिली है। मोदी सरकार का प्रयास है कि व्यापारी वर्ग को कर प्रणाली में राहत मिले और व्यापार को प्रोत्साहन मिले।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि आज अगर भारत को विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनना है तो इसके लिए जरूरी है आत्मनिर्भर भारत.

इस अवसर पर मंच पर पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, महामंत्रीगण विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलैया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश दुबे, राकेश माहौर, जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री खूशबू गुप्ता, ममता भिलवार, जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी उपस्थित थे।

आयोजन | हितग्राही जनसंवाद कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा

# राज्य सरकार के अभियानों से महिलाएं हो रही सशक्त : राज्यपाल



**गोटेगांव,12 अक्टूबर. महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। सरकार ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ और बेटी बढ़ाओ अभियान चलाकर बालिका और महिलाओं को सशक्त व सबल बनाया है।**

आज महिलाएं स्वसहायता समूह से जुड़कर रोजगार स्थापित कर महिने में 15 हजार रुपये से 17 हजार रुपये तक की आमदनी कमा रही है। राज्यपाल श्री पटेल रविवार को नरसिंहपुर जिले की ग्राम पंचायत देवरीकलां में आयोजित हितग्राही जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बड़ादेव का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता राजेन्द्र ठाकुर, रामसनेही पाठक, कलेक्टर रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र नागेश सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने आयोजित कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभांवित हितग्राहियों से संवाद भी किया। उन्होंने इस अवसर पर 2120 स्वसहायसता समूहों को 32 करोड़ 30 लाख रुपये का चैक प्रदान किया।

### फुटबॉल एवं कबड्डी की राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता

**खालवा.** खालवा में 14 वर्ष आयु वर्ग के बालकट्टबालिका कबड्डी तथा 17 वर्ष आयु वर्ग के बालकट्टबालिका फुटबॉल खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रविवार को खालवा में संपन्न हो गई. इस प्रतियोगिता की विजेता टीमों को भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के राज्यमंत्री दुर्गादास उईके और मध्य प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह ने ट्रॉफी प्रदान की। कार्यक्रम में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अमर यादव भी मौजूद थे. कबड्डी बालक 14 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर उज्जैन संभाग की टीम, द्वितीय स्थान पर रीवा संभाग की टीम तथा तृतीय स्थान पर इंदौर संभाग की टीम रही.

# जनादेश को चुराकर सत्ता में बने रहना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है

**अटेर,12 अक्टूबर. बजरिया, शुक्लपुरा, उद्योतगढ़, गाडूपुरा, मोधना, आदि अटेर आदि पहुंचकर आयोजित किया गया प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त अटेर विधानसभा कांग्रेस प्रभारी नरेन्द्र गुर्जर ने सम्बोधित करते हुए आमजन को वोट चोरी को लेकर जागरूक किया।**

यह अभियान हर नागरिक के मताधिकार की रक्षा और संविधान के सम्मान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है कांग्रेस राष्ट्रीय एवं कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर बोट चोरी के विरोध मे अटेर ब्लॉक में हस्ताक्षर अभियान में आम नागरिकों ने भाग लिया गुर्जर ने कहा अभियान कांग्रेस के राहुल गांधी के निर्णय के तहत आयोजित



किया गया उन्होंने कहा कि इसमें ग्रामीण क्षेत्र के बुद्धजीवी, शिक्षक एवं आम नागरिक शामिल हुए उन्होंने कहा इस हस्ताक्षर अभियान में देश से करोड़ों की संख्या में हस्ताक्षर शामिल होगे जिसे 15 अक्टूबर के बाद दिल्ली स्थित चुनाव आयोग को सौंपा जाएगा कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर इस सरकार का सामना करेगी.